भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 4239

उत्तर देने की तारीख : 18.03.2026

बिहार में छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजनाएं

†4239. डॉ. आलोक कुमार सुमन:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान बिहार में केन्द्रीय योजनाओं के अंतर्गत कुल कितने अल्पसंख्यक छात्रों को छात्रवृत्तियां प्राप्त हुई हैं;

(ख) छात्रवृत्ति के लाभार्थियों का जिला-वार विशेषकर गोपालगंज जिले में ब्यौरा क्या है;

(ग) इन छात्रों को कुल कितनी वित्तीय सहायता संवितरित की गई है;

(घ) छात्रवृत्तियों को समय पर जारी करना सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में पात्र छात्रों में जागरूकता बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा की जा रही पहलों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ग): अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय छह अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों के सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक सशक्तीकरण के लिए देश भर में मैट्रिक-पूर्व, मैट्रिकोत्तर और मेरिट-सह-साधन छात्रवृत्ति योजनाओं सहित विभिन्न योजनाएं लागू करता है। तथापि, इन योजनाओं को वर्ष 2021-22 के बाद लागू करने का अनुमोदन नहीं मिला है।

इसके अलावा, शिक्षा मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन योजना (PM-USP Yojana) के अंतर्गत अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों सहित उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। लाभार्थियों और स्वीकृत राशि का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

(घ) और (ङ): छात्रवृत्तियों का वितरण आधार भुगतान ब्रिज प्रणाली (APBS) के माध्यम से प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) प्रणाली द्वारा किया जाता है, जिससे छात्रवृत्ति का समयबद्ध एवं पारदर्शी संवितरण सुनिश्चित होता है। PM-USP CSSS के संबंध में छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों के उच्चतर शिक्षा विभागों तथा सभी राज्यों के उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्डों को प्रिंट एवं सोशल मीडिया के माध्यम से हितधारकों के बीच छात्रवृत्ति योजना की जानकारी प्रसारित करने का निदेश दिया गया है। छात्रों के लिए उपयोगी जानकारी राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (NSP) के विशिष्ट छात्र खंड में भी प्रदान की जाती है।

*****

अनुबंध

"बिहार में छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजनाएं" विषय पर डॉ. आलोक कुमार सुमन द्वारा पूछे गए तथा दिनांक 18.03.2026 को उत्तर दिए जाने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4239 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

बिहार राज्य के लिए PM-USP CSSS के अंतर्गत संवितरित छात्रवृत्ति											
क्र. सं.	वित्तीय वर्ष	नई+नवीकरण									
		छात्रवृत्तियों की संख्या					राशि (करोड़ रु. में)				
		सामान्य	OBC	SC	ST	कुल	सामान्य	OBC	SC	ST	कुल
1	2022-23	5056	6355	2696	395	14502	5.968	7.410	3.092	0.458	16.9282
2	2023-24	4816	13408	3773	444	22441	5.983	16.180	4.598	0.542	27.3028
3	2024-25	10456	33343	9927	1529	55255	12.797	40.274	12.055	1.852	66.9786

जिला–गोपालगंज, बिहार										
शैक्षणिक वर्ष	नई+नवीकरण									
	छात्रवृत्तियों की संख्या					राशि (करोड़ रु. में)				
	सामान्य	OBC	SC	ST	कुल	सामान्य	OBC	SC	ST	कुल
2022-23	21	52	8	4	85	0.025	0.063	0.010	0.005	0.1028
2023-24	25	91	9	3	128	0.032	0.112	0.011	0.004	0.1576
2024-25	35	123	25	7	190	0.042	0.151	0.030	0.008	0.2312

*****